(ख) क्या यह सच है कि इस वर्ष कुछ सरकारी कर्मचारियों को ये उपाधियां दी गई हैं ;

(ग) यदि हां, तो उन व्यक्तियों के नाम क्या हैं और वे किन-किन राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के हैं ; और

(घ) इसके क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) जी नहीं, श्रीमान् ।

(ख) और (ग). जी हां श्रीमान् । अपेक्षित तथ्यों का एक विवरण सभा-पटल पर रखा है । [पुस्तकालय में रख दिया गया । देखिये संख्या LT—253/69]

(घ) पुरस्कार विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट सेवा के लिये दिये गये थे ।

### दिल्ली नगर निगम द्वारा करों में वृद्धि

2200. श्री रघुवीर सिंह शास्त्री : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उनका मंत्रालय दिल्ली नगर निगम पर इस बात के लिये बल दे रहा है कि वह करों में वृद्धि करने के सम्बन्ध में मोरारका आयोग की सिफारिशों को क्रियान्वित करे, अन्यथा नगर निगम को भंग कर दिया जायेगा ; और

(ख) यदि हां, तो इसके लिए क्या कारण और क्या औचित्य हैं ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) और (ख). मोरारका आयोग के वस्तुनिष्ठ प्रतिवेदन पर सभी सम्बन्धित कार्यालयों द्वारा इसके समस्त आशयों को ध्यान में रखते हुए, जांच की जा रही है । दिल्ली नगर निगम पर सरकार द्वारा किसी भी प्रकार के दबाव डालने का प्रश्न नहीं है ।

### Performance of Educational Institutions

2201. SHRI RABI RAY: Will the Minister of EDUCATION AND YOUTH SERVICES be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Planning Commission has agreed with the Ministry that the performance of Educational Institutions rather than the amount spent should be the criterion for approval of the expansion programme during the Fourth Five-Year Plan ; and

(b) if so, the broad details thereof ?

THE MINISTER OF EDUCATION AND YOUTH SERVICES (DR. V. K. R. V. RAO) : (a) No specific proposal was made by the Ministry of Education and Youth Services on this subject. But as a general programme of improving the efficiency of implementation, it has been decided that a system of performance budgetting should be introduced in the Fourt Five-Year Plan.

(b) The object of this system is to ascertain the performance under each programme in relation to its objectives in addition to the expenditure incurred thereon. The details of the performance evaluation will naturally vary from scheme to scheme. For instance, for expansion programmes at the primary stage, the enrolments in different classes would indicate performance. In respect of buildings performance would be indicated by the effectiveness of space utilisation, the cost of construction per cubic foot, or the time taken for construction. In the programme of production of books in regional languages for use at the university stage, progress will be judged on the basis of the number of books, subjects covered and their quality, etc.

### भारतीय सर्वेक्षण विभाग में विभिन्न वेतनक्रम

2202. श्री रामावतार शर्मा : क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय सर्वेक्षण विभाग में असैनिक तथा सैनिक अधिकारियों के लिए भिन्न-भिन्न वेतनक्रम निर्धारित किये गये हैं हालांकि उनके कृतियों में कोई अन्तर नहीं है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) इसके परिणामस्वरूप असैनिक अधिकारियों में बढ़ते हुए असंतोष को दूर करने के

लिए क्या कार्यवाही की गई है ?

**शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भक्त दर्शन)** : (क) और (ख). जी नहीं। भारत के सर्वे विभाग में नियुक्त असैनिक तथा सैनिक अधिकारियों के लिए समान वेतन-मान निर्धारित किए गए हैं। तथापि, वेतन में तत्काल किसी बड़ी हानि के बगैर भारत के सर्वे विभाग में सैनिक अधिकारियों के लिए स्वेच्छा से सेवा करने को सुविधाजनक बनाने के लिए निर्धारित वेतनमान में उनके वेतन के अलावा उपयुक्त व्यक्तिगत वेतन प्रदान किया जाता है। उनके व्यक्तिगत वेतन का निर्धारण, भारत के सर्वे विभाग में सेवा करने के लिए स्वेच्छा प्रकट करने वाले सैनिक अधिकारी से दो प्रवर सैनिक अधिकारियों तथा दो प्रवर सैनिक अधिकारियों के वेतनों के औसतों के आधार पर, प्रत्येक मामलों में अलग-अलग किया जाता है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

**भारतीय सर्वेक्षण विभाग में असैनिक अधिकारियों के स्थान पर सैनिक अधिकारियों की नियुक्ति**

2203. **श्री रामावतार शर्मा** : क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय सर्वेक्षण विभाग में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा नियुक्त असैनिक अधिकारियों के स्थान पर सैनिक अधिकारियों को नियुक्त किया जा रहा है ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

**शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री भक्त दर्शन)** : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

**राजधानी में विदेशी पर्यटकों के लूटे जाने और उनके साथ धोखाधड़ी की घटनाएं**

2204. **श्री रामावतार शर्मा** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में और विशेषकर राजधानी में पर्यटकों को लूट लिये जाने तथा उन्हें धोखा दिये जाने और उनके सामान को चुरा लिये जाने की घटनाओं में वृद्धि हो रही है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि ऐसी घटनाओं के कारण आगामी पर्यटनमौसम में हमारे देश की यात्रा करने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या में कमी हो जायेगी और इससे विदेशी मुद्रा की कमाई में हानि होगी ; और

(ग) यदि हां, तो इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है ?

**गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री विद्याचरण शुक्ल)** : (क) से (ग). दिल्ली में सन् 1967 में 20 मामलों की तुलना में सन् 1968 में विदेशी पर्यटकों को धोखा देने/उनके सामान को चुरा लेने के 38 मामले सूचित किये गये । स्थानीय पुलिस को विदेशियों द्वारा सामान्यनया भ्रमण किये जाने वाले स्थानों पर अधिक सतर्कता बरतने के लिये सचेत कर दिया गया है। यह सुनिश्चित करने के लिये कि विदेशी पर्यटक निरुत्साह न हों क्योंकि यदि ऐसी घटनाएं रोक न ली गई तो इससे भारत में पर्यटन को बढ़ावा देने पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, इन क्षेत्रों में गश्त भी बढ़ा दी गई है।

राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों से सूचना प्राप्त की जा रही है और प्राप्त होने पर सभा-पटल पर रख दी जाएगी।

**National Scholarships Scheme**

2205. SHRI P. C. ADICHAN :
SHRI ONKAR SINGH :
SHRI HUKAM CHAND KACHWAI :